AMAR UJALA

Page No : 07 (Gzb)

Date : 16th Apr 2019

# एकेडमिक अवार्ड्स सेरेमनी का आयोजन

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को व्हाइट कोट एंड एकेडमिक अवार्ड्स सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीएस तृतीय वर्ष के स्टूडेंट्स को क्लीनिक की जिम्मेदारी सौंपी गई और मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ओर उनकी हौसलाहफजाई की गई। संस्थान के वाइस चेयरमैन आर्पित चढड़ा ने कहा कि दंत अभ्यास एक महान पेशा है, चिकित्सकों को इसे ईमानदारी से निभाना चाहिए। बताया कि यूनिवर्सिटी के 40 टॉप स्टूडेस में 27 आईटीएस डेंटल कॉलेज के छात्र है। ब्यूरो

Hindustan (Hindi)

Page No : 20 (Gzb) Date: 16th Apr 2019

# मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को व्हाइट कोट एंड एकेडमी अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें बीडीएस तृतीय वर्ष के छात्रों को क्लीनिक की जिम्मेदारी सौपी गई और मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि दंत अभ्यास एक महान पेशा है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में 40 टॉप छात्रों में से 27 आईटीएस के हैं। अर्पित ने बीडीएस प्रथम की स्वेता, मानसी, साक्षी, दिव्या, तनु अग्रवाल और बीडीएस द्वितीय वर्ष के मुकेश, आरुषी, हिंमाशी, आरुषि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर दिनेश राय ने विचार रखे।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No : 02 (Gzb)

Date: 16th Apr 2019

# टॉपर्स को मिला इंप्रूवमेंट अवॉर्ड

**एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद :** आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की ओर से व्हाइट कोट एंड अकैडमिक अवॉर्डस सेरेमनी का आयोजन हुआ। इसमें बीडीएस थर्ड ईयर के छात्रों को क्लिनिक की जिम्मेदारी सौंपी गई और टॉपर्स को इंप्रूवमेंट अवॉर्ड दिया गया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) के बीडीएस थर्ड ईयर के 40 विद्यार्थियों से क्लिनिक में काम करवाया गया। इनमें 10 टॉपर्स और 27 विद्यार्थी आईटीएस डेंटल कॉलेज के शामिल थे। इस दौरान सीनियर डॉक्टर ने उन्हें बीमारियों के बारे में बताया। आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि डॉक्टर को हमेशा मरीज के हित के बारे में विचार करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक अंक पाने वाले छात्रों को इंप्रूवमेंट अवॉर्ड और नगद पुरस्कार दिया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस दिनेश राय ने कहा कि दंत चिकित्सकों को पूरी ईमानदारी से काम करना चाहिए।